कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
Employees Provident Fund Organisation
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
मुख्यकार्यालय/ HEAD OFFICE
एन.बी.सी.सी सेंटर, ब्लॉक-2, ग्राउंड फ्लोर- 4th फ्लोर, ईस्ट किदवई नगर, नईदिल्ली -110023
NBCC Centre, Block-2, Ground Floor- 4th Floor, East Kidwai Nagar, New Delhi-110023
Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

संख्या ए-12011/13/2024-ईपीएफओ-मुख्यालय/आरसी/668 दिनांक: 30.09.2025

सेवा में,

अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त(मुख्यालय)/अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त(अंचल)
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-I/क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यालय प्रभारी

**विषय: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में निहित ग्रेड वेतन 2800/- रुपए वेतन मैट्रिक्स में लेवल-5(29,200-92,300 रुपए) में सामाजिक सुरक्षा सहायक (सीधी भर्ती) के पद पर के साथ नियुक्ति - द्वितीय प्रतीक्षा सूची से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति-पूर्व औपचारिकताओं को पूरा करने के संबंध में**

संदर्भ:
1. दिनांक 03.01.2025 के कार्यालय आदेश संख्या: भर्ती/परीक्षा.12(1)2025/एसएसए/388
2. दिनांक 26.09.2025 के कार्यालय आदेश संख्या: ए-12011/13/2024-ईपीएफओ-मुख्यालय/आरसी/666 3. दिनांक 30.09.2025 के कार्यालय आदेश संख्या: ए-12011/13/2024-ईपीएफओ-मुख्यालय/आरसी/667

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय के दिनांक 30.09.2025 के आदेश संख्या ए-12011/13/2024- ईपीएफओ-मुख्यालय/आरसी /667 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसके तहत प्रतीक्षा सूची से एसएसएएस के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति-पूर्व औपचारिकताओं से संबंधित दिशानिदेश उम्मीदवारों को दिए गए हैं।

2. उम्मीदवारों की अंचलवार सूची, उनके तैनाती राज्य के अनुसार डोजियर की सॉफ्ट कॉपी सहित संबंधित आंचलिक कार्यालयों को अलग से ई-मेल के माध्यम से भेजी जा रही है।

3. आंचलिक कार्यालयों से अनुरोध है कि वे चयनित उम्मीदवारों को अपने क्षेत्राधिकार के अधीन क्षेत्रीय कार्यालय आवंटित करने के लिए दिनांक 03.01.2025 के आदेश संख्या भर्ती/परीक्षा.12(1)2025/एसएसए/388 द्वारा जारी अनुदेशों का पालन करें। अनुशंसित उम्मीदवारों के ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर संबंधित अंचलों को अलग से ई-मेल के माध्यम से भेजे जा रहे हैं।

4. आंचलिक कार्यालयों से अनुरोध है कि वे क्रम संख्या 3 में संदर्भित पत्र में उल्लिखित चरणों के आधार पर नियुक्ति-पूर्व औपचारिकताएं पूरी करें।

5. द्वितीय प्रतीक्षा सूची के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति-पूर्व औपचारिकताएँ यथाशीघ्र पूरी की जाएँ। उम्मीदवारों को अगले रोजगार मेले में अनंतिम नियुक्ति पत्र सौंपे जाएँ (जिसकी जानकारी यथासमय दी किया जाएगी)।

(सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी)

भवदीय,

**(पीपीएस मैंगी)**
**क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-I, भर्ती प्रभाग**